# सोने और चांदी खरीदारों के लिए बड़ी राहत

## कीमतें करीब 74,000 रुपये तक कम हुईं

**नई दिल्ली, 1 फरवरी. सोने और चांदी की कीमतों में रविवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली है, जिससे सोने की कीमत 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 2.70 लाख रुपए प्रति किलो हो गई है.**

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, चांदी की कीमत 73,599 रुपए कम होकर 2,65,751 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 3,39,350 रुपए प्रति किलो थी.

24 कैरेट सोने का दाम 17,098 रुपए कम होकर 1,48,697 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,65,795 रुपए प्रति 10 ग्राम था.

22 कैरेट सोने का दाम 1,65,131 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,36,206 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है. 18 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 1,11,523 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,24,346 रुपए प्रति 10 ग्राम थी.



चांदी की कीमत 35 .89 डॉलर प्रति औंस या 31 .37 प्रतिशत कम होकर 78 .531 डॉलर प्रति औंस हो गई है . जानकारों के मुताबिक, सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट के पीछे कई कारक हैं . इसमें अमेरिकी डॉलर का मजबूत होने, फेड की ओर से ब्याज दरों को जनवरी में स्थिर और अमेरिकी फेड प्रमुख का बदलना शामिल है .

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1,48,104 रुपए और चांदी के 05 मार्च 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 2,65,652 रुपए था.

बजट के चलते कमोडिटी मार्केट में रविवार को स्पेशल सेशन रखा गया था, जिस कारण आज सोने और चांदी की नई कीमतें अपडेट हुई हैं.

रविवार के कारण अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी मार्केट बंद है. इससे पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी में ऐतिहासिक गिरावट देखने को मिली थी. इस दौरान कॉमेक्स पर सोने की कीमत 609.70 डॉलर प्रति औंस या 11.39 प्रतिशत कम होकर 4,745.10 डॉलर प्रति औंस हो गई है.



## वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर महंगा

**नयी दिल्ली, 01 फरवरी.** तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार दूसरे महीने बढ़ोतरी की है जबकि घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है. देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,740.50 रुपये का हो गया है. यह मई 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है. जनवरी में इसकी कीमत 111 रुपये बढ़ाकर 1,691.50 रुपये की गयी थी.

# पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने वाला बजट

## अनिल अग्रवाल ने विकास को ध्यान में रखने वाला बजट बताया

**नयी दिल्ली, 01 फरवरी. वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने रविवार को कहा कि विकास को ध्यान में रखते हुए पेश किये गये केंद्रीय बजट में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और विनिर्माण को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है.**

उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं की आजीविका में सुधार, महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और मेडिकल टूरिज़्म जैसे रोज़गार-गहन क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कई अहम प्रावधान किये गये हैं.

उन्होंने बजट में महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ धातुओं पर सरकार के विशेष ध्यान का स्वागत किया. अग्रवाल ने कहा कि यह पहल ओडिशा,



तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल जैसे राज्यों में खनन, प्रसंस्करण, अनुसंधान एवं विकास और मैन्युफैक्चरिंग के नये अवसर खोलेगी. इससे न केवल इस क्षेत्र में विकास और रोज़गार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देश की मिनरल सुरक्षा भी मजबूत होगी.

अग्रवाल ने वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण के लिए पूंजीगत माल पर आयात शुल्क में दी गयी छूट को भी लाभकारी कदम बताया गया है, जिससे घरेलू उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी.

अग्रवाल ने कहा, 'विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईज़ेड) में लचीलेपन की घोषणा भी एक अच्छा कदम है, जिससे घरेलू बाज़ार में बिक्री बढ़ेगी. मैं प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री को बधाई देना चाहूंगा, जो अनिश्चितत समय के बीच भी अर्थव्यवस्था को स्थिरता से चला रहे हैं.'

# बजट के बाद 2,370 अंक लुढ़का सेंसेक्स

**मुंबई, 01 फरवरी. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में रविवार को विशेष सत्र के दौरान बड़ी गिरावट देखी गयी.**

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,826 अंक के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में 1,546.84 अंक (1.88 प्रतिशत) टूटकर 80,722.94 अंक पर बंद हुआ जो 30 सितंबर 2025 के बाद का निचला स्तर है.

बाजार बजट से पहले तेजी में था और एक समय सेंसेक्स 456 अंक चढ़कर 82,726.65 अंक पर पहुंच गया था. लेकिन वित्त मंत्री का बजट भाषण समाप्त होते-होते सूचकांक तेजी से गिर गया. कुछ ही देर में यह 2,370 अंक गिरकर 79,899 अंक तक उतर गया था जो बीच कारोबार में गत 01 सितंबर के बाद का निचला स्तर है.




नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 495.20 अंक यानी 1.96 प्रतिशत की गिरावट में 30 सितंबर के बाद के निचले स्तर 24,825.45 अंक पर बंद हुआ. यह इसका भी पिछले साल 03 सितंबर महीने का निचला स्तर है. सूचकांक ऊपर 25,440.90 अंक और नीचे 24,571.75 अंक तक गया.

चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों को भी नुकसान उठाना पड़ा. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.73 प्रतिशत गिर गया.

एनएसई में आईटी सूचकांक की 0.57 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टर गिरावट में रहे.

## जनवरी में सकल जीएसटी संग्रह 1,93,384 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली, 01 फरवरी.** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत जनवरी में सकल राजस्व संग्रह 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1,93,384 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. पिछले साल जनवरी में यह आंकड़ा 1,82,094 करोड रुपये रहा था. सूत्रों ने बताया कि जनवरी में घरेलू जीएसटी राजस्व 4.8 प्रतिशत बढ़कर 1,41,32 करोड़ रुपये पर रहा. वहीं आयात पर कर से प्राप्त राजस्व 10.1 प्रतिशत बढ़कर 52,253 करोड़ रुपये दर्ज किया गया. कुल रिफंड में जनवरी 2025 की तुलना में 3.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी और यह 22,665 करोड़ रुपये रहा. इस प्रकार शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.6 फीसदी बढ़कर 1,70,719 करोड़ रुपये रहा.

# बजट 2026-27 ऐतिहासिक और अभूतपूर्व : शिवराज

**यह बजट समाज की समृद्धि तथा संकल्पों की सिद्धि का बजट है**

**यह 2047 के आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध भारत की नींव रखता है**

**नई दिल्ली, 1 फरवरी 2026: केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय बजट 2026-27 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने वाला ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बजट बताया. उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने का महाकाव्य है और समाज की समृद्धि तथा संकल्पों की सिद्धि का बजट है. यह डेवलप्ड इंडिया का डायनामिक बजट है, जो वर्ष 2047 के आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध भारत की नींव रखता है.**



श्री चौहान ने बताया कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा और महिला—इन सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है . उन्होंने लखपति दीदी योजना की सफलता को आगे बढ़ाते हुए 'स।।श्व-मार्ट' के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने की बात कही. इसके तहत हर जिले में स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद बेचने के लिए कम्युनिटी-ओन्ड रिटेल आउटलेट बनाए जाएंगे, जिससे ग्रामीण महिलाएं आजीविका से आगे बढ़कर उद्यमिता की ओर बढ़ सकेंगी .


ग्रामीण विकास विभाग के बजट में 21% वृद्धि की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास और कृषि मंत्रालय का सम्मिलित बजट अब 4,35,779 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है.

'विकसित भारत जी राम जी' योजना के लिए 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है. मनरेगा के लिए केंद्र का बजट 95,692 करोड़ रुपये रखा गया है, जो राज्यों के हिस्से सहित 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा.

पंचायतों को सीधे मिलने वाली राशि भी दोगुनी कर 55,900 करोड़ रुपये से अधिक की व्यवस्था की गई है, जिससे ग्राम विकास को नई गति मिलेगी. कृषि बजट 1.32 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जबकि उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है.

शिवराज सिंह चौहान ने कृषि डाइवर्सिफिकेशन पर जोर देते हुए नारियल, कोको, काजू, चंदन और फल-सब्जी पर विशेष प्रावधानों की बात कही. उन्होंने कहा कि यह बजट गरीबी दूर करने, किसानों की आय बढ़ाने और विकसित, स्वावलंबी तथा रोजगारयुक्त गांव के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा.

# विमान ईंधन एक प्रतिशत सस्ता



**नयी दिल्ली, 01 फरवरी. घरेलू विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए तेल विपणन कंपनियों ने विमान ईंधन की कीमतों में लगभग एक प्रतिशत की कटौती की है. यह लगातार दूसरा महीना है जब देश में विमान ईंधन की कीमत कम हुई है. इससे पहले 01 जनवरी से यह करीब सात प्रतिशत सस्ता हुआ था.**


देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार से दिल्ली में विमान ईंधन का मूल्य 929.63 रुपये (1.01 प्रतिशत) घटकर 91,393 रुपये प्रति किलोलीटर रह गया है. इससे पहले जनवरी में इसकी कीमत 7.38 प्रतिशत कम हुई थी.

कोलकाता में यह 932 रुपये (0.98 प्रतिशत) सस्ता होकर 94,446 रुपये प्रति किलोलीटर और मुंबई में 878 रुपये (1.02 प्रतिशत) सस्ता होकर 85,475 रुपये प्रति किलोलीटर का हो गया है.

# यूपीआई ट्रांजैक्शन में 28 प्र. की बढ़ोतरी

## जनवरी में कुल 21.70 अरब यूपीआई ट्रांजैक्शन हुए

**नई दिल्ली, 1 फरवरी. यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ( यूपीआई ) के जरिए जनवरी में ट्रांजैक्शन की संख्या में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. जनवरी में कुल 21.70 अरब यूपीआई ट्रांजैक्शन हुए. इसके साथ ही ट्रांजैक्शन की कुल राशि में भी 21 प्रतिशत की सालाना बढ़त के साथ यह 28.33 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई.**




रविवार को जारी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है.

एनपीसीआई के मुताबिक, महीने के हिसाब से भी यूपीआई ट्रांजैक्शन की संख्या और रकम में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली है. जनवरी में यूपीआई का इस्तेमाल लगातार बढ़ता रहा. जनवरी महीने में रोजाना औसतन 91,403 करोड़ रुपए का यूपीआई ट्रांजैक्शन हुआ, जो दिसंबर के 90,217 करोड़ रुपए के मुकाबले ज्यादा है. जनवरी में रोजाना औसतन 70 करोड़ यूपीआई ट्रांजैक्शन हुए, जबकि दिसंबर में यह आंकड़ा 69.8 करोड़ था.

## एफएंडओ पर एसटीटी बढ़ी, बाजार धड़ाम

**नई दिल्ली, 1 फरवरी.** केंद्र सरकार ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस में बढ़ती सट्टेबाजी और उससे जुड़े प्रणालीगत जोखिमों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है. राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव के अनुसार, एसटीटी में वृद्धि का मकसद अत्यधिक सट्टा गतिविधियों पर लगाम लगाना और बाजार में स्थिरता बनाए रखना है. बजट 2026 के तहत फ्यूचर्स पर एसटीटी 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत और ऑप्शंस पर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है.

## भारत के विकास का अगला चरण पूंजी-समर्थित : सिंह एमएसएमई प्रेरित : पीबी फिनटेक सीईओ सिंह

**नयी दिल्ली, 01 फरवरी .** पीबी फिनटेक के जॉइंट ग्रुप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सरबवीर सिंह ने रविवार को कहा कि केंद्रीय बजट राजकोषीय अनुशासन पर आधारित है और यह स्पष्ट संकेत देता है कि भारत के विकास का अगला चरण पूंजी-समर्थित तथा सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम प्रेरित होगा.

प्रति,
1. अक्षती मार्केटिंग
अपने एकमात्र स्वामी श्री बृजेश श्रीवास्तव के माध्यम से प्रतिनिधित्व
पताः जी-81, एमआईजी कॉलोनी, क्रिश्चियन एमिनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर-452 001।
पताः जी-13, सांची प्वाइंट के सामने, एमआईजी कॉलोनी, क्रिश्चियन एमिनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर-452 001।
पताः 147, डुप्लेक्स, श्याम कृष्णा कुटी, विपरीत... शिव यादव दूध- डेयरी द्वितीय चरण, अरिहंत विहार कॉलोनी, खारी पाटक रोड, विदिशा, मध्य प्रदेश- 464001।
इसके अलावा पता 154 ए, श्री धन लक्ष्मी नगर, डी-मार्ट के पीछे, निपानिया, इंदौर - 452010 मध्य प्रदेश है।
2. नेहा श्रीवास्तव
मकान नंबर 51, इंदिरा नगर, जयसवाल एक्वा की अगली लेन, माता मंदिर के सामने, शाजापुर, मध्य प्रदेश-465001।
इसके अलावा पता 154 ए, श्री धन लक्ष्मी नगर, डी-मार्ट के पीछे, निपानिया, इंदौर - 452010 मध्य प्रदेश है।
पुनः एलडी से पहले. एकमात्र मध्यस्थ श्री. अंकित साहनी

**टाटा कैपिटल लिमिटेड** ..... **दावेदार**
**बनाम**
**अक्षिति मार्केटिंग एवं Ors.** ..... **प्रतिवादी**

प्रिय महोदय/महोदया,
यह सूचित किया जाता है कि बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता आवेदन संख्या 173/2025 में दिनांक 10 जून 2025 को पारित आदेश के अनुसार, प्रेसोल्व360 के श्री अंकित साहनी को हमारे और उपरोक्त नामित नोटिस प्राप्तकर्ताओं के बीच उत्पन्न विवादों और मतभेदों का निपटारा करने के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया गया है। इसकी सूचना आपको दिनांक 19 जून 2025 को हमारे अधिवक्ताओं द्वारा माननीय एकमात्र मध्यस्थ को भेजे गए ईमेल के माध्यम से दी गई थी और जिसकी एक प्रति आप सभी को भी भेजी गई थी। इसके अतिरिक्त, माननीय एकमात्र मध्यस्थ के निर्देशों के अनुसार, चूंकि 26 नवंबर 2025 और 19 दिसंबर 2025 को कोई भी उपस्थित नहीं हुआ, इसलिए माननीय मध्यस्थ ने अगली सुनवाई की तिथि पर और दिनांक 29 दिसंबर 2025 की बैठक के कार्यवृत्त के माध्यम से दावेदार को प्रतिवादियों पर प्रतिस्थापन तामील करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, आपको सूचित किया जाता है कि 29 दिसंबर 2025 की बैठक के कार्यवृत्त में माननीय एकमात्र मध्यस्थ के निर्देशों के अनुसार, उपरोक्त के बावजूद, आप सभी मध्यस्थता कार्यवाही में उपस्थित होने के लिए स्वतंत्र हैं।
कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त मध्यस्थता के संबंध में अगली बैठक शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 को शाम 5:30 बजे वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी। बैठक का लिंक और उसमें शामिल होने का कोड निम्न प्रकार हैः जूम सत्र लिंक
https://us02web.zoom.us/j/87078074693?pwd=tVdJDsokuWUzKAxdx21VIIXn20t ORv.1
यह सूचना 29 दिसंबर 2025 को हुई बैठक में एकमात्र मध्यस्थ के निर्देशों के अनुसार दी जा रही है, जिसकी कार्यवाही का विवरण उपरोक्त उल्लिखित सूचना प्राप्तकर्ताओं को पहले ही भेजा जा चुका है।
**दिनांकः 02.02.2026**
**स्थानः मुंबई**

समाचार विशेष

# तेजस्वी की कद के साथ जवाबदेही बढ़ी

## परिवारवाद से लेकर पार्टी बचाने तक क्या हैं चुनौतियां?

**पटना. राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा, सत्य जितना परेशान होना था हो चुका है, अब सत्य की विजय का समय शुरू होगा. इस एक पंक्ति में आत्मविश्वास भी झलकता है और राजनीतिक चुनौती का संकेत भी. लालू प्रसाद यादव के बाद अब पार्टी की पूरी कमान तेजस्वी यादव के हाथ में आ गई है. यह ताजपोशी जितनी स्वाभाविक दिखती है, उतनी ही कठिन भी है, क्योंकि अब हर जीत, हर हार और हर फैसले की सीधी जिम्मेदारी तेजस्वी यादव पर ही होगी.**

राजद में पहले भी नेतृत्व परिवार के भीतर सौंपा गया है, लेकिन यह पहला मौका है जब लालू प्रसाद यादव की छाया लगभग पूरी तरह हट चुकी है. अब संगठन, रणनीति, गठबंधन और



चुनावी फैसलों में अंतिम निर्णय तेजस्वी यादव का होगा. इसका मतलब साफ है कि किसी भी हार की जिम्मेदारी भी उन्हीं के कंधों पर आएगी. अब यह कहना आसान नहीं रहेगा कि फैसले ऊपर से हुए या हालात मजबूरी के थे.

तेजस्वी यादव की पोस्ट से संकेत मिलता है कि वे आक्रामक राजनीतिक रुख अपनाने के मूड में हैं. वे गांधी, लोहिया और अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हैं, जिससे साफ है कि वे खुद को गरीबों और पिछड़ों की आवाज के रूप में पेश करना चाहते हैं. हालांकि इसके साथ उनकी चुनौतियां भी कई गुना बढ़ गई हैं. यह समय सिर्फ विरोध की राजनीति का नहीं, बल्कि भरोसा कायम करने का भी है.

### पार्टी के भीतर असंतोष और टूट का खतरा

तेजस्वी यादव की बड़ी बहन रोहिणी आचार्य और तेज प्रताप यादव से जुड़े विवादों ने साफ कर दिया है कि राजद का पारिवारिक संकट अब सार्वजनिक हो चुका है . रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं, वहीं मीसा भारती को भी इस पद की उम्मीद थी . लालू परिवार के कई सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं, ऐसे में यह अंदरूनी कलह पार्टी की एकता को नुकसान पहुंचा सकती है . तेजस्वी के लिए परिवार को एकजुट रखना बड़ी चुनौती होगी .

# कैसे खत्म होगा कांग्रेस का विवाद

**नई दिल्ली. राहुल गांधी ने पंजाब कांग्रेस के नेताओं को बहुत सख्त संदेश दिया है. दिल्ली में पिछले दिनों पंजाब कांग्रेस के नेताओं की बैठक हुई, जिसमें आलाकमान की ओर से कहा गया कि नेता आपस में लड़ना बंद करें.**

यह भी कहा गया कि जाति और धर्म का मामला उठा कर पंजाब कांग्रेस के नेता आम आदमी पार्टी और अकाली दल को मजबूत कर रहे हैं. उसके बाद से शांति बहाली हो गई है. लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ है. असल में पंजाब में अगले साल चुनाव होने वाले हैं. फरवरी में चुनाव होगा. उससे पहले कांग्रेस के नेता अभी से नेतृत्व का मुद्दा सुलझाने में लग गए हैं. इसी वजह से दलित बनाम जाट का विवाद भी शुरू हुआ है. गौरतलब है कि कांग्रेस ने पिछले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया था. दलित सीएम बनाने का यह दांव कामयाब नहीं हुआ लेकिन चन्नी को कांग्रेस ने एक बड़े दलित चेहरे के तौर पर स्थापित कर दिया है.

## नीतीश के यहां वापसी चाहते हैं पीके, आरसीपी

**पटना.** बिहार में कई बड़े राजनीतिक घटनाक्रम की आहट सुनाई दे रही है. एक तरफ इस बात की चर्चा तेज है कि नीतीश कुमार ने इतनी ठंड में समृद्धि यात्रा सिर्फ भाजपा को यह दिखाने के लिए निकाली कि वे पूरी तरह से फिट हैं. तो दूसरी ओर नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना कर भाजपा ने अपने बिहार प्लान की रूपरेखा जाहिर की है. भाजपा को इसी विधानसभा में अपना मुख्यमंत्री बनाना है. सवाल सिर्फ टाइमिंग का है. भाजपा की योजना के मुताबिक अगर वह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में किसी तरह से जीत जाती है तो उसके बाद बिहार में बदलाव हो सकता है.

**भारतीय स्टेट बैंक**
शाखा एचएलसी-2 (सार्क विंग)
एचएलसी-2, चिनार इनक्यूब, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के सामने, भोपाल (म.प्र.) फोन नं. 0755-2983017

**वित्तीय आस्तियों की वसूली अधिनियम SARFAESI Act. 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/गारंटर ने बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उन्हें बिना तामील किए वापस कर दिया गया है और इस प्रकार उन्हें यह सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| बकायादार/जमानतदार का नाम | सूचना दिनांक NPA की दिनांक | देय राशि रू. | बंधक संपत्ति का विवरण एवं भवन/प्लाट की सीमाएं/ स्थिति |
|---|---|---|---|
| **1) श्री नन्द कुमार धाकड़ पुत्र श्री राम चरण धाकड़** रेनबो हॉस्पिटल, 27 भदभदा रोड, नार्थ टीटी नगर, भोपाल, म.प्र.-462003 **2) श्रीमती प्रिया धाकड़ पत्नी श्री नंद कुमार धाकड़** मकान नं. 125, श्री कृष्ण भवन, रतन कॉलोनी कनक गार्डन के पास, भोपाल, म.प्र- 462038 **संपत्ति का पताः** मकान नं. डी-182, कोरल कासा, गांव रसलाखेड़ी, वार्ड नं. 76, तहसील हुजूर, भोपाल, म.प्र. | 30.01.2026 26.12.2025 | HL खाता क्र.: 39972706374 रु. 17,97,975/- + देय ब्याज व अन्य खर्च Suraksha खाता क्र.: 39972856569 रु. 40,958/- + देय ब्याज व अन्य खर्च | आवासीय मकान नं.डी-182 कोरल कासा गांव, रसलाखेड़ी, वार्ड नं.76, तहसील हुजूर ,जिला - भोपाल म.प्र., क्षेत्रफल 67.24 वर्ग मीटर , सीमाएँ : पूर्व में - मकान नं. डी-18, पश्चिम में-कॉलोनी रोड, उत्तर में - मकान नं. डी-183 , दक्षिण में -कॉलोनी रोड,संपत्ति मालिक : श्री नंद कुमार धाकड़ पुत्र श्री राम चरण धाकड़ और श्रीमती प्रिया धाकड़ पत्नी श्री नंद कुमार धाकड़ |

नोटिस की प्रतिस्थापित सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं और उनके गारंटर को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है। ऐसा न करने पर वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे कदम उठाए जाएंगे।
इस बावत, ऋणी/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (Redeem करने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।
दिनांक : 02.02.2026, स्थान : भोपाल
**प्राधिकृत अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद आष्टा जिला सीहोर ( म.प्र. )**
क्रमांक/2339/ई-टेंडरिंग/तक.शा./न.पा/2026
आष्टा दिनांक 29.01.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत कंसलटेंटो डीपीआर तैयार करने एवं निर्माण कार्य हेतु ठेकेदारों से ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट-www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं | कार्य का नाम | कार्य की समय अवधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_479125_1 | नगरीय क्षेत्र आष्टा में मटन मार्केट निर्माण कार्य की विस्तृत कार्य योजना तैयार करना । **प्रथम आमंत्रण** | 1 माह | 2000/- 10000/- | 16.02.2026 सायं 17:30 तक |
| 2 | 2026_UAD_479126_1 | वार्ड क्र. 18 में मैन कन्नोद रोड़ से अंशय चित्रालय से सांई कॉलोनी में सांई मंदिर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य **द्वितीय आंमत्रण** | 2 माह 818470/- | 2000/- 6140/- | 07.02.2026 सायं 17:30 तक |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा। जी.एस.टी.का भुगतान पृथक से देय होगा। निकाय की वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए या शासन से अनुदान प्राप्त होने पर संबंधित ठेकेदार को भुगतान किया जाएगा।

विनोद कुमार प्रजापति
मुख्य न.पा. अधिकारी
न.पा.प. आष्टा

कमलेश जैन
प्रभारी
लो.नि.विभाग न.पा.आष्टा

सिद्दीका बी भूरू भाई
उपाध्यक्ष
न.पा.प. आष्टा

हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा
अध्यक्ष
न.पा.प. आष्टा